**उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या का अध्ययन**

2138. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या के बारे में कोई मूल्यांकन अथवा अध्ययन किया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) 1985, 1986 और 1987 के वर्षों के दौरान उक्त राज्य में कुशल, अकुशल, शिक्षित और अशिक्षित बेरोजगार युवकों की संख्या में तुलनात्मक रूप में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है । और

(ग) सरकार किस प्रकार इस समस्या का समाधान करने का विचार रखती है ?

**श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर)** : (क) 1983 के दौरान किये गये राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन के 83वें दौर से प्राप्त परिणामों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 5+आयु के व्यक्तियों में से बेरोजगार व्यक्तियों की प्रतिशतता (सामान्य मूल स्तर के अनुसार) इस प्रकार हैं :—

| | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| ग्रामीण . . . | 0.78 | 0.02 |
| शहरी . . . | 2.66 | 0.29 |

(ख) सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(ग) रोजगार सृजन के लिए नीतियां तथा कार्यक्रम 7वीं पंचवर्षीय योजना दस्तावेज के खंड 1 के अध्याय 3 में तथा खंड 11 के अध्याय 5 में दिए गए है जो उत्तर प्रदेश में भी कार्यान्वित किए जा रहे हैं ।

**उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि को बीजों की सप्लाई**

2139. **श्री शरद यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1986–87 और 1987–88 के वर्षों के दौरान राष्ट्रीय बीज निगम ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, तथा दिल्ली को क्रमशः कितने कितने मूल्य के बीज सप्लाई किये हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि इन राज्यों को बीज सप्लाई किए जाने से पूर्व बीजों की ठीक प्रकार से जांच नहीं की गई ;

(ग) 1986–87 में दिल्ली के किसानों को कितने मूल्य के खीरे के बीजों की सप्लाई की गई ; और

(घ) बीजों की सप्लाई के संबंध में सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं ?

**कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव)**: (क) 1986–87 और 1987–88 के वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश और दिल्ली के किसानों को राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा सप्लाई किए गए बीजों के मूल्य नीचे दिए गए हैं :—

(मूल्य लाख रुपए में)

| राज्य | 1986–87 | 1987–88 से फरवरी 1988 तक (अंतिम) |
|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 93.83 | 45.06 |
| दिल्ली | 45.06 | 76.68 |
| राजस्थान | 95.51 | 69.60 |
| उत्तर प्रदेश | 380.82 | 157.76 |
| बिहार | 708.68 | 1256.99 |